## एक नजर में

### छात्रवृत्ति प्रकरणों की समीक्षा



**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** जिले में छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई. जिसमें सभी बीईओ एवं विद्यालय प्राचार्यों से प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई. समीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे प्राचार्यों के विरुद्ध एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए. निजी विद्यालयों द्वारा जिन विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति हेतु प्रोफाइल पंजीयन नहीं कराया गया है तथा ओटीआर में जिनका प्रदर्शन निम्न पाया गया है, उन्हें 7 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं. निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर संबंधित विद्यालयों पर 50 हजार रूपए का अर्थदंड लगाए जाने के निर्देश दिए गए. सभी बीईओ को निर्देशित किया गया है कि आगामी 3 दिवस में ऐसे विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत करें, जिनके आधार, समग्र आईडी अथवा जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित दस्तावेज अपूर्ण हैं. जिन प्राचार्यों के विद्यालयों में छात्रवृत्ति प्रकरणों की पेंडेंसी अत्यधिक पाई गई है, उनकी वेतन आहरण प्रक्रिया रोकने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही, जिन विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित समस्याएं आ रही हैं, उनके त्वरित निराकरण हेतु सभी एसडीएम को विशेष शिविर आयोजित कर प्रमाण-पत्र जारी कराने के निर्देश दिए.

### संगीतमय गो भागवत कथा 19 से

**सुठालिया 17 जनवरी, सं.** कामधेनु गौ सेवा समिति एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से नगर सुठालिया में पहली बार संगीतमई गो भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. उक्त आयोजन कल 19 जनवरी सोमवार से 25 जनवरी रविवार के बीच होगा, इस दौरान 19 जनवरी सोमवार को सुबह 10 बजे नगर के श्री राम मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल शिव मंदिर पर पहुंचेगी यहां कथा प्रवक्ता पंडित मनीष वशिष्ठ द्वारा प्रतिदिन 12 से 4 बजे तक गो भागवत कथा पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे. आयोजन कर्ताओं ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर गो भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है. कथा के दौरान 24 जनवरी को गौ सेवकों का सम्मान किया जाएगा. कथा का समापन 25 जनवरी रविवार को किया जाएगा. आयोजन को लेकर व्यापक तैयारिया की जा रहे है.

### तपस्वी संत की पुण्यतिथि मनाई

**ब्यावरा 17 जनवरी, का.** नगर के प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम पर तपस्वी संत महाराज जी की पुण्यतिथि मनाई भक्तों एवं शिष्यों के द्वारा मनाई गई. सिद्ध संत तपस्वी गुरूप्रसाद दास जी की पुण्य तिथि पर मंदिर परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर गुरू चरण पादुका पूजन की. भक्तों व शिष्यों ने संतश्री को याद करते हुए कहा कि तपस्वी संत महाराज जी अपने आप में सिद्ध पुरुष थे.

# भावांतर में पचोर और नरसिंहगढ़ आगे

## भावांतर का लाभ लेने में सबसे कम सुठालिया एवं छापीहेड़ा क्षेत्र की रही भागीदारी

**जिले में एक लाख से अधिक किसानों द्वारा भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय किया**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 जनवरी, का. शासन द्वारा किसानों को सोयाबीन का बेहतर दाम देने हेतु भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी की गई, जिसकी अंतिम तारीख 15 जनवरी रही. भावांतर योजना में खरीदी गई सोयाबीन के दर्ज आंकड़े के अनुसार जिले में सबसे अधिक सारंगपुर क्षेत्र के किसानों ने भावांतर में सोयाबीन फसल बेची इसके बाद नरसिंहगढ़ क्षेत्र रहा. जबकि सुठालिया एवं छापीहेड़ा क्षेत्र में सबसे कम सोयाबीन भावांतर योजना में बेचना सामने आया है. जिले में एक लाख से अधिक किसानों द्वारा भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय किया गया.**

जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक जिले की विभिन्न कृषि मंडियों में सोयाबीन हुई खरीदी के आंकड़े इस प्रकार है. ब्यावरा में 1806 किसान, खिलचीपुर 984, खुजनेर 876, माचलपुर 1686, सुठालिया 142, नरसिंहगढ़ 2086, कुरावर 1550, जीरापुर 1912, छापीहेड़ा 308, पचोर में 2513 तथा सारंगपुर में 1677 किसानों ने योजना का लाभ लिया. इसमें सबसे अधिक पचोर में 2513 किसान एवं सबसे कम सुठालिया में 142 एवं छापीहेड़ा में 308 किसानों ने ही योजना का लाभ लिया.

इसी तरह 7 नवम्बर से 17 नवम्बर के बीच ब्यावरा में 1861, खिलचीपुर 1254, खुजनेर 1274, माचलपुर 1518, सुठालिया 481, नरसिंहगढ़ 4105, कुरावर 2774, जीरापुर 1683, छापीहेड़ा 486, पचोर 4034, सारंगपुर में 2454 किसानों ने सोयाबीन बेची. इसमें सबसे अधिक नरसिंहगढ़ 4105 तथा सबसे कम सुठालिया में 481 एवं छापीहेड़ा में 486 किसानों ने ही सोयाबीन बेची.

योजनांतर्गत 18 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक ब्यावरा में 8742, खिलचीपुर 1766, खुजनेर 2984, माचलपुर 2277, सुठालिया 1019, नरसिंहगढ़ 9113, कुरावर 7414, जीरापुर 3315, छापीहेड़ा 1268, पचोर 10324 तथा सारंगपुर में 6186 किसानों ने सोयाबीन बेची. इस प्रकार पचोर में सबसे अधिक 10324 किसानों ने सोयाबीन बेची जबकि सबसे कम सुठालिया में 1019 तथा छापीहेड़ा 1268 किसानों ने ही इस अवधि में सोयाबीन बेची.



### एक लाख से अधिक ने लिया योजना का लाभ

जिले भर में एक लाख से अधिक किसानों ने भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय कर योजना का लाभ लिया. 24 अक्टूबर से 19 दिसम्बर तक जिले की विभिन्न कृषि मंडियों में 91, 872 किसानों ने भावांतर योजना में अपनी सोयाबीन बेची. जबकि अंतिम तारीख तक जिले में एक लाख से अधिक किसानों ने भावांतर योजना में सोयाबीन बेची.

**24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक हुई खरीदी**

शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत 24 अक्टूबर 2025 से सोयाबीन की खरीदी शुरु की जो 15 जनवरी 2026 तक की गई. इसमें सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था. मॉडल रेट के अनुसार खरीदी की गई. प्रारंभ में सप्ताह में मॉडल रेट तय हुए बाद में प्रतिदिन के हिसाब से मॉडल रेट आये उसी के अनुसार खरीदी की गई.



# 26 तक सभी पैक्स समितियों को ई-पैक्स बनाने का लक्ष्य

**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** भारत सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना अंतर्गत जिले में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है. इस परियोजना के माध्यम से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध पैक्स समितियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है, जिससे सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता एवं त्वरित ऑनलाइन सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें.

भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से जिले की कुल 140 पैक्स समितियों के कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है. साथ ही आवश्यक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर भी उपलब्ध कराए गए हैं. इस पहल से जिले के सहकारिता क्षेत्र में किसानों के लेनदेन को सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है.

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले की 140 पैक्स समितियों का वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का सिस्टम ऑडिट पूर्ण किया जा चुका है. वर्तमान में जिले की 72 से अधिक पैक्स समितियां ई-पैक्स के रूप में रियल टाइम/ऑनलाइन कार्य करने लगी हैं. शेष समितियों द्वारा भी 26 जनवरी 2026 तक कम्प्यूटरीकरण पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इस कम्प्यूटरीकरण से जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा. पैक्स समितियों के निरीक्षण, ऑडिट एवं रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया भी अत्यंत सरल एवं सुविधाजनक हो जाएगी. इसके साथ ही हितग्राहियों के लेनदेन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से किसानों को प्राप्त होगी, किसानों को उनके समस्त लेनदेन की पासबुक प्रिंट उपलब्ध कराई

# डकैती की तैयारी के एक और फरार आरोपी को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 17 जनवरी, सं.** दिनांक 05-06 दिसंबर 2025 की रात्रि को थाना सारंगपुर क्षेत्र में पारदी गैंग के 5-6 लोगो ने हथियारबंद होकर डकैती की योजना को अंजाम दिया था. फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध धारा 312,115(2) बीएनएस इजाफा धारा 331(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था.

पुलिस मुख्यालय,भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल.बंजारे के नेतृत्व



में पारदी गैंग के गिरोह की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी तारत्मय मे पारदी गैंग पर लगातार दबिश दी जा रही है. दबिशो से इनके हौंसले परास्त हुये एवं गिरोह का एक और सदस्य आरोपी मुकद्दर पारदी पिता अर्जुन पारदी उम्र 41 साल नि. पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना जो कि बहुत ही शातिर व घटना के दिन से ही फरार चल रहा था व बार बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिसकी तलाश गुना जिले में व ओडिशा के मेलो मे की अंततः आरोपी को गिरफ्तार किया गया.

इस सराहनीय योगदान में अरविंद सिंह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर, निरीक्षक आकांक्षा हाडा थाना प्रभारी सारंगपुर, उनि अमित त्यागी, जितेन्द्र अजनारे थाना प्रभारी कालीपीठ व सायबर सेल प्रभारी, सउनि आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक आदित्य, बनवारी की रही.

# मुख्यमंत्री का लाइन प्रसारण देखा जिपं सभागार में

रनवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के माखन नगर से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को माह जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया गया. जिसका लाईव वेबकास्ट प्रसारण नगरीय ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाये जाने हेतु जिला एवं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये गये. जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया. कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जिले की लाड़ली बहना हितग्राही उपस्थित रहीं. राज्य स्तरीय कार्यक्रम के समापन पश्चात् उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ के प्रांगण में स्थानीय खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें गुल्ली डंडा, पतंग जैसे पारंपरिक खेल खेले गये. इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी महिला हितग्राहियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारीगणों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया.



# इंदौर की घटना पर इंकाइयों ने उपवास सत्याग्रह किया

## जिला मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी ने मौन धारण कर घटना पर जताया विरोध

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 जनवरी, का. शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के तत्वधान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय गारंटी अधिनियम ( मनरेगा ) योजना में बदलाव एवं इंदौर नगर के भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से हुई नागरिकों की मृत्यु के विरोध में मौन धारणा एवं उपवास सत्याग्रह किया गया जिसके बाद ज्ञापन दिया गया.**

राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सरकार की पहली प्राथमिकता अपने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और नगर पालिका अधिनियम में भी मूलभूत सुविधाओं में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलबध कराने का स्पष्ट उल्लेख है. इंदौर जो कई वर्षो से स्वच्छता में प्रथम स्थान पर आ रहा है, जिस महानगर के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री है, नगरीय प्रशासन मंत्री भी इंदौर विधानसभा से निर्वाचित है. महापौर, सांसद सभी भाजपा के है, उस महानगरग में दूषित पेयजल से लगभग 23 लोगों की जान चली जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. ज्ञापन में मांग की है कि इंदौर नगर निगम को भंग कर सम्पूर्ण प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये. दोषी लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाई की जाये.

इसी प्रकार एक अन्य ज्ञापन में कहा है कि नगर निगम भोपाल द्वारा संचालित स्लॉटर हाउस में गौमाता की मौत के गंभीर प्रकरण की उच्च न्यायिक जांच कराई जाये. प्रदेश की राजधानी भोपाल में भाजपा का ही महापौर है. नगर निगम द्वारा संचालित स्लॉटर हाउस गौमाता का कत्लखाना बन चुका है.

पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी, हेमराज कल्पोनी, जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, कृष्ण मोहन मालवीय, देवेंद्र बना नरसिंहगढ़, राशिद जमील राजगढ़, विजयपाल भाटी, आशीष सतालकर, गांधी बना सहित कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




# 22 को नगर में हिन्दू सम्मेलन, तैयारियां हुईं पूर्ण

नवभारत न्यूज


**सारंगपुर 17 जनवरी, सं.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर नगर में कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा.

इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं.

इस हिन्दू सम्मेलन को महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा पूरी जी महाराज वर्षा दीदी, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा. उनके प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा. सम्मेलन के पश्चात समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा. जिसमें समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर सहभागिता करेंगे. सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं. नगर के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है. जिससे अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें. वहीं पूरे नगर को भगवा पताकाओं, बैनर एवं पोस्टरों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं उत्सवमय बन गया है.

नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों में भी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है. नागरिकों द्वारा आह्वान किया गया है कि सम्मेलन के दिन पूरा नगर बंद रहेगा, तथा सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखकर हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता करेंगे.

आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा. सारंगपुर नगर में होने वाला यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.



**निर्देश** तहसीलदार एवं पटवारियों को किसान रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से एवं गंभीरता से पूर्ण कराने के निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश, 80 प्रतिशत से कम प्रगति स्वीकार नहीं

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई. बैठक में उन्होंने रिकॉर्ड दुरुस्ती को गंभीरता से लेने तथा जारी किए जाने वाले सभी आदेशों में पूर्ण स्पष्टता रखने के निर्देश दिए. नामांतरण प्रकरणों में कुछ तहसीलदारों के निम्न प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 80 प्रतिशत से कम डिस्पोजल स्वीकार्य नहीं होगा. इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए. रीडर स्तर पर लंबित प्रकरणों के बेहतर निराकरण पर राजस्व टीम के अच्छे प्रदर्शन की



सराहना करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने टीम को बधाई दी. भूमि आवंटन के मामलों में निर्देश दिए गए कि भूमि आवंटित होते ही संबंधित हितग्राहियों को तत्काल एवं स्पष्ट सूचना दी जाए. वसूली प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अतिक्रमण करने वालों से वसूली की स्थिति की समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि अतिक्रमण शुल्क की वसूली बहुत कम है तथा बिना ठोस योजना के प्रगति अत्यंत निम्न पाई गई. उन्होंने प्रभावी प्लानिंग के साथ वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए. खनन क्षेत्रों की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यदि स्वीकृत लीज क्षेत्र से अधिक खुदाई की गई है, तो उसे अतिक्रमण मानते हुए संबंधित से अतिक्रमण शुल्क की वसूली की जाए. सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि नगरीय निकायों में संचालित खातों की जानकारी संकलित कर लाइन लिस्टिंग के माध्यम से भेजें. एसडीएम ब्यावरा को वसूली की ठोस योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए.

किसान रजिस्ट्री में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने असंतोष व्यक्त करते हुए हल्का-वार नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए. सभी तहसीलदार एवं पटवारियों को किसान रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से एवं गंभीरता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए. स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में शीघ्र केस बनाकर प्रस्तुत किए जाएं. साथ ही कितने मामलों का प्रथम प्रकाशन हो चुका है, इसकी स्थिति की भी समीक्षा की गई. बैठक में अधिकार अभिलेखों की भी गहन समीक्षा की गई तथा उनमें त्रुटिरहित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए. साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन अंतर्गत राजगढ़, ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ अनुभागों में शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण कर प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे.

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पांचवा दिन संपन्न



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का गोदग्राम कालीपीठ में आज पांचवा दिन संपन्न हुआ.

आज के बौद्धिक सत्र में यातायात प्रभारी देवनारायण पांडे द्वारा यातायात नियमों एवं अन्य प्रेरणात्मक चर्चाएं स्वयंसेवकों के साथ की गई. उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन न करने से हम हमारी जिंदगी से हाथ खो बैठते हैं और ताउम्र हमारे परिवार को समस्याओं का सामना करना पड़ता है. हम सभी को यातायात के नियमों का अनुसरण करना चाहिए.यह सात दिवसीय शिविर संस्था प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है. राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा द्वारा संचालित किया जा रहा है. जिसमें स्वच्छता, नशा मुक्ति, प्रथा उन्मूलन, पर्दा प्रथा, बाल विवाह का विरोध, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा आदि विषयों पर जागरूकता कार्य किया जा रहा है.